प्रशिक्षण का उद्देश्य

जल संरक्षण जागरूकता का उद्देश्य राष्ट्रीय, क्षेत्रीय के साथ–साथ स्थानीय स्तर पर जल संरक्षण और प्रबंधन के सिद्धांतों, तकनीकों और प्रक्रियाओं की समझ तथा क्रियान्वयन के लिए मार्गदर्शन प्रदान करना है।

नियमावली के कुछ मुख्य उद्देश्य निम्न प्रकार हैं –

- जल संरक्षण पर मुख्य प्रशिक्षकों का समूह तैयार करना।
- इन मुख्य प्रशिक्षकों के समक्ष जल संरक्षण से जुड़े मुद्दों व विषयों की व्याख्या करना।
- मुख्य प्रशिक्षकों को ज्ञान और दक्षता प्रदान करना ताकि उन्हें जल से जुड़े मुद्दों को समुदायों को बताने में सहायता मिले।
- जल से जुड़े मुद्दों को जन समुदाय के बीच सुग्राही बनाना, तथा उन्हें जल के संरक्षण और इसके न्यायोचित उपयोग के लिए प्रोत्साहित करना।
- लक्षित दर्शकों में स्वच्छ जल के संरक्षण और प्रबंधन प्रक्रियाओं के बारे में सकारात्मक सोच को प्रोत्साहित करना।
- जल से जुड़े क्षेत्र की सर्वोत्तम प्रथाओं, नवप्रवर्तनों व केस स्टडी (घटना वृतांतों) को जल संरक्षण जागरूकता के विशेष संदर्भ में साझा करना।